राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ॰ ए॰पी॰जे॰ अब्दुल कलाम का उनकी जयन्ती के अवसर पर सादर स्मरण किया

पटना, 15 अक्टूबर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने देश के पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ॰ ए॰पी॰जे॰ अब्दुल कलाम की जयन्ती के अवसर पर उनका सादर स्मरण करते हुए उन्हें अपना नमन निवेदित किया है।

राज्यपाल ने पूर्व राष्ट्रपति को याद करते हुए कहा है कि विज्ञान, कला, अध्यात्म, साहित्य एवं संस्कृति –सबमें डॉ॰ कलाम की गहरी अभिरूचि थी। उन्होंने बिहार के विकास हेतु भी कई सार्थक और विशेष सुझाव दिये थे, जिनपर अमल भी किया गया। राज्यपाल ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ॰ कलाम को उनकी जयन्ती के अवसर पर अपनी श्रद्धा निवेदित की है तथा नई पीढ़ी से यह अनुरोध किया है कि वह डॉ॰ कलाम के जीवन और आदर्शों से प्रेरणा ग्रहण करे।

....